हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 जुलाई 2024

04 जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, नागरिकों ने किया...



08 अशोकनगर-थूबोन मार्ग में 30 किमी के रास्ते में ढाई...





## खबर संक्षेप

### पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सागर।** मध्यप्रदेश में हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परम्परागत संस्कति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए कबीर बुनकर प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2023-2024 के हाथकरघा बुनकरों द्वारा स्वयं उत्पादित उत्कृष्ट प्रविष्टिया जिलें के बुनकरों से हाथकरघा कार्यालय, सागर में 29 जुलाई सायं 6 बजे तक स्वीकार की जावेगी। योजना में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार पचास हजार एवं ततीय पुरस्कार पच्चीस हजार रुपये, प्रतीक चिन्ह तथा श्रीफल प्रदान किया जाएगा।

### प्रशमन शुल्क जमा करने की समय सीमा 31 अगस्त

**सागर।** शासन के आदेश अनुसार 1 जनवरी 2021 के पूर्व जारी भवन अनुज्ञा के अंतर्गत निर्मित भवनों को अप्राधिकृत निर्माण को प्रशमन शुल्क जमा कर 31 अगस्त तक वैद्य करा सकते हैं। 30 प्रतिशत तक अप्राधिकृत निर्माण को वैध कराने के लिए अब कलेक्टर गाइड लाइन के हिसाब से 12 से 18 प्रतिशत तक कम्पाउंडिंग शुल्क चुकाना होगा। संबंधित नागरिक अपने भवनों का प्रशमन 30 प्रतिशत की सीमा तक एबीपीएएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर उनको वैध करने की प्रक्रिया कर सकते हैं। या नगर निगम सागर की भवन भूमि शाखा में संपर्क कर सकते हैं, इसलिए 31 अगस्त के पहले 30 प्रतिशत अप्राधिकृत निर्माण को वैध कराए जाने का लाभ ले।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी का उपचार निःशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी , बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सरल ऑनलाइन प्रक्रिया

**सागर।** आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एनआईसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है। ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत खुरई में बड़े पैमाने पर किया गया पौधरोपण

# वृक्ष हमें विनम्रता के साथ देना सिखाते हैं, उनकी परिजनों जैसी देखभाल करना चाहिए : भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन भर वृक्ष हमें कई रूपों में सौगातें देते हैं। वृक्ष लगा कर हम अपने माता पिता की तरह उनकी भी देखभाल करें तो ही प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यह विचार यहां के जवाहर नवोदय विद्यालय और शासकीय माडल स्कूल के विद्यार्थियों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के पूर्व अपने संबोधन में व्यक्त किए। दोनों परिसरों में पूर्व मंत्री सिंह ने अपनी माताजी स्व लक्ष्मी देवी की स्मृति में पीपल और अमरूद के वृक्ष लगाए। पूर्व मंत्री सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्र छात्राओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के रूप में करोड़ों वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करते हुए बड़ा करने की प्रेरणा हम सभी को दी है। वृक्ष हमें



जीवन में देना सिखाते हैं। वे हमारे जीवन के लिए आवश्यक प्राणवायु आक्सीजन, वर्षाजल, पूजा के लिए सामग्री, फल, छाया, पक्षियों का आश्रय, ईंधन और उपयोग के लिए लकड़ी सभी कुछ देते रहते हैं। वृक्षों के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। सिंह ने कहा कि इतना सब देते हुए जब-जब वृक्ष फलों से लद जाते हैं तो और ज्यादा विनम्रता के साथ अपनी डालियां झुका देते हैं ताकि हम फल तोड़ सकें। इस तरह देखें तो वृक्ष भी दान, विनम्रता, दृढ़ता आदि सीखने के लिए पाठशाला ही है। मंत्री सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि ये वृक्ष जो आज आप लगा रहे हैं भविष्य में आने वाले विद्यार्थी इनके नीचे छाया में बैठ कर पढ़ेंगे, लंच करेंगे, अपनी साइकल और स्कूटर खड़े करेंगे और मौसम आने पर इनसे फल फूल लेंगे। इसके लिए आज हम इन वृक्षों के पौधों को लगा कर अपने परिवार के सदस्य की तरह समय समय पर इनकी देखभाल करें। सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक तथ्य है कि एक वृक्ष औसतन 80 लीटर वर्षा जल के संग्रहण की क्षमता रखता है। यही जल नदी नालों से हमें वर्ष भर प्राप्त होता रहता है। सभी नदियां वृक्षों से भरे पहाड़ों से ही निकलती हैं।

नवोदय विद्यालय खुरई तथा माडल स्कूल प्रांगण में जनप्रतिनिधियों, विद्यालय परिवार ने उत्सव के रूप में पौधरोपण कार्य किया। एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, नपा अध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी मां के नाम से इस कार्यक्रम में वृक्ष रोपे। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मीना कुशवाहा, एसडीओपी सचिन परते, ब्लाक शिक्षा अधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण जैन गढ़ौला, नपा उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, पार्षद देशराज यादव, नीतिराज पटेल, बलराम यादव, अजीत सिंह अजमानी, अर्चना सिंघई, दोनों विद्यालयों के प्राचार्य सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राहतगढ़ के पास शराब से भरा कंटेनर पलटा, लूटने लग गई लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र में गाजीखेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार शराब से भरा कंटेनर गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में कंटेनर ड्राइवर घायल हुआ है। घटना देख मौके पर राहगीर और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगो कंटेनर से बह रही शराब लूटने की कोशिश में लग गए। घटना की खबर लगते ही पुलिस पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंटेनर क्रमांक एमपी 09 एचएच 5591 शराब लेकर बड़वाह से सागर आ रहा था। इसी दौरान गाजीखेड़ा के पास अचानक ट्रक के सामने गाय आ गई। गाय को बचाने के



चक्कर में कंटेनर अनियंत्रित हुआ और पलट गया।घटना में कंटेनर चालक बबलू पिता इंदल राजपूत उम्र 30 साल निवासी सुल्तानपुर रायसेन घायल हुआ है। घायल को राहतगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के समय कंटेनर में भरी शराब की बोतलें टूटने से शराब रिसने लगी। जिसे देख आसपास लोग कुप्पा, बोतल लेकर शराब भरने के लिए पहुंच गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को कंटेनर से दूर कराया। वहीं पुलिस ने मामला जांच में लिया।

### महासभा की बैठक का आयोजन 21 जुलाई को

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा की बैठक का आयोजन 21 जुलाई को किया गया है। महा सभा के महामंत्री चक्रेश शास्त्री ने बताया कि कटरा वार्ड स्थित पुरानी गल्ला मंडी रोड पर वर्णी वाचनालय सभागार में आयोजित बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई का वाचन एवं पुष्टि होगी। आगामी परिचय सम्मेलन के स्थान चयन एवं तिथि निर्धारण पर विचार होगा। साथ ही आगामी परिचय सम्मेलन के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जायेगी। मालूम हो कि महासभा द्वारा लगभग दो दशक से परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही पिछले वर्ष सर्वाधिक परिचय संकलन करने वाले संकलन कर्ताओं का सम्मान किया जायेगा।

# रामायण एक महान ग्रंथ : प. गोपाल भार्गव

### झूलेलाल चालीहा महामहोत्सव का हुआ शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जय माता दी झूलेलाल मंडली के तत्वावधान में बुधवार को वरुण अवतार झूलेलाल चालीहा का आगाज सुबह 7 बजे शंख लाहिरियों के साथ विजय ललवानी के भजनों से सिंधी समाज की नीदे खुली। प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया की सिंधी समाज का सबसे बड़ा पर्व झूलेलाल चालीहा पर्व जो की आस्था का केंद्र पिछले 23 वर्षो से निरंतर नित नियम आरती अनेक प्रतियोगिताओ के साथ और आयोजक लालाराम मेठवानी ने बताया की सागर में पहली बार 40 दिनों तक श्रद्धालुजन बाल्य रूप श्री राम जी के दर्शन कर सकते हे। आज



पूर्व मंत्री रहली विधायक प.गोपाल भार्गव ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर बाल्य रूप भगवान श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की और कहा की सिंधी सिंधी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी हासाराम मेठवानी से पुरानी मित्रता है और आज यहाँ आके भगवान झूलेलाल जी के दर्शन और श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा से मन गदगद हो गया । और कहा की "रामायण" राम और सीता की कथा को व्याख्यान करने वाला एक महान ग्रंथ है। रामायण ने संस्कृति, धर्म, आदर्शों, और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस मौके पर भाजपा नेता शैलेश केशरवानी, शिवसेना के पप्पू तिवारी, लालाराम मेठवानी समाज अध्यक्ष दयाराम बहरानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत ने बताया की रोज सुबह सुबह शाम आरती के साथ चालिहा पर्व शुरू हुआ ।


### पार्कों को स्वच्छ बनाने चलाया गया अभियान

**सागर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी स्वच्छता को संवहनीय बनाए रखने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के परिपेक्ष्य में नागरिक सहभागिता से विशेष सफाई अभियानों के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता गतिविधियां और विभिन्न जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में नगर निगम आयुक्त के निर्देश अनुसार 16 जुलाई को स्मारको और पार्को को स्वच्छ बनाने के लिए एक दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया गया और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

अभियान के अंतर्गत शहर में स्थित प्रतिमाओं की विशेष सफाई कराई गई और शहर के पार्कों में विशेष सफाई अभियान चलाकर उनकी सफाई की गई सफाई की गई, और आसपास के लोगों को पार्कों मे साफ सफाई रखने हेतु सहयोग की अपील की गई, साथ ही नागरिकों को पार्कों के रखरखाव पर नजर रखने और कोई व्यक्ति पार्क में लगे पेड़ पौधों या किसी सामग्री को नुकसान पहुंचाते हैं तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें रोकने- टोकने का संकल्प दिलाया गया।

### आचार्य सुधासागर महाराज का वर्षायोग चातुर्मास भाग्योदय तीर्थ सागर में होगा

**सागर।** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री सुधा सागर महाराज का वर्षा योग चातुर्मास भाग्योदय तीर्थ सागर में होगा। इसकी घोषणा उन्होंने बुधवार को मोराजी में प्रवचन के उपरांत की। चातुर्मास सागर में होगा लंबे समय से इस बात के कयास लगाए जा रहे थे। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि प्रवचन के दौरान सुबह सागर की घोषणा की थी और शाम को जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भाग्योदय तीर्थ में चातुर्मास की घोषणा की। संघ मे तीन क्षुल्लक महाराज भी हैं। 20 जुलाई को मुनि संघ का उपवास रहेगा और 21 जुलाई को कलश स्थापना समारोह होगा तथा दोपहर में गुरु पूर्णिमा उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा। पूरे भारत से श्रावक श्रेष्ठी और संघ से जुड़े श्रावक सागर आ रहे हैं। बड़े स्तर पर कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारियां भी जोरो पर चल रही है।





### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 17 जुलाई को वृहद पौधरोपण आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 5 जून से 15 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाले वृहद वपौधरोपण अभियान अंतर्गत 17 जुलाई को प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वनमंडल दक्षिण, सागर के समन्वय से जैव विविधता पार्क, राजघाट में विशेष पौधरोपण शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वृक्षों का महत्व वर्णित करते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, डी. एफ़.ओ. दक्षिण सागर महेन्द्रप्रताप सिंह, विशेष न्यायाधीश प्रदीप सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश सिंह राणा, जिला मुख्यालय सागर पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल, रेंजर रवि सिंह, वन विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा पौधे रोपित किये गये।

### दिव्य रंग एकता वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण

**सागर।** दिव्य रंग एकता वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जीवन दायनी प्रकृति मे पौधरोपण किया और सभी से वृक्ष लगाने की अपील की। संस्था रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है। रंगकर्मी अनामिका सागर ने कहा



एक पेड़ मां के नाम अवश्य ही लगाएं और न केवल पोधा लगाएं बल्कि उसकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। अपने पूर्वजों की याद में भी पौधे जरूर लगाएं, जिन्होंने हमें ये हरी भरी वसुंधरा दी है। हम भी आने वाली पीढ़ी के लिए स्वक्षजल और वायु की व्यवस्था कर सकें। जैसे हम जीवन में हर छोटी बड़ी चीजों का ध्यान रखते हैं ठीक वैसे ही हमे प्रकृति का ध्यान रखना ही है। यह व पौधरोपण छावनी परिषद के जॉगर्स पार्क में किया गया जहां आम, शहतूत, हरा गुलाब, बरगद और अन्य पौधे रोपित किए गए एवं दान किए । इस अवसर पर संस्था के सदस्य, रंगकर्मी और कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमे अनवी साहू, एकता रायकवार, विवेक साहू, अमित अहिरवार, सोनाली माझी, अर्पित सागर, अश्विनी सागर, आशुतोष बनर्जी, सतीश रायकवार, मोनिका माझी, शिवम मिश्रा, अंकिता सागर, विपिन राज, अनुभव श्रीवास, अजय रायकवार, अमित प्रजापति उपस्थित रहे।

# बालाजीपुरम स्थित नवनिर्मित मंदिर में हुई भगवान नर्मदेश्वर महादेव जी की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंतनगर वार्ड स्थित निहिल स्विमिंग पूल के पीछे बालाजी पुरम-2 में नवनिर्मित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा में विधायक शैलेंद्र जैन ने पंतनगर वार्ड पार्षद नीरज गोलू कोरी एवं तिली वार्ड के पूर्व पार्षद सुबोध पाराशर के साथ उपस्थित होकर का धर्म लाभ लिया। नमदेश्वर मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव के साथ ही नंदी,गणेश जी, माता पार्वती जी, कार्तिकेय जी, हनुमान जी एवं मां दुर्गा की प्रतिमाओं की भी प्राण प्रतिष्ठा की



गई। आचार्य हरगोविंद मुडोतिया एवं हरिओम मुड़ोतिया ने 13 से 15 जुलाई तक संपूर्ण विधि-विधान से भगवान नर्मदेश्वर महादेव जी की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष गुलाबचंद सोनी, उपाध्यक्ष विजय साहू, द्वारका प्रसाद कोष्टी, भगवान दास पटेल, जयंत मिश्रा, अमन कोष्टी, मोहन साहू, कृष्णकांत, नामदेव अमित पटेल, राहुल सोनी, राहुल कोरी, सचिन ठाकुर, लक्ष्मी नारायण मिश्रा नागरिक उपस्थित थे।

## बाबा ने सभी अरकान पूरे करते हुए ली रुखसती

# जामा कॉम्प्लेक्स वाले बाबा की सवारी गश्त करती हुई पहुंच गई करबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हजरत सैय्यद अहमद मक्की चिश्ती रह.अ.जामा काम्पलेक्स तीनबत्ती वाले बाबा की सवारी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माह मुर्हरम की 10 तारीख को शहर गश्त पर निकली। सवारी प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अशरफ खान ने बताया कि बाबा की सवारी 10 मोहर्रम बुधवार को बाद नमाज असिर शनीचरी चौगना स्थित मौनू बाबा के निवास स्थान से प्रारंभ होकर डिप्टी फर्स से झील वोट क्लब से तीन मढ़यिा,बस स्टेण्ड से होकर बकौली तिराहा से तिली रोड स्थित



करबला घाट पहुंची जहां बाबा ने सभी अरकान पूरे करते हुये रूकसती ली। सबारी प्रबन्ध कमेटी ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा की सवारी गश्त के दौरान प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने व शामिल होने वाले तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।गश्त के दौरान बाबा की सवारी मे जावेद , शेख असलम, असरफ खान, राजीव, ओम चौरसिया, मो. आसिफ, इरशाद, सलमान, अरविंद रावल, फारूक, मुह. इमरान, संजय रैकवार, मो. सगीर, अर्श खान, अयाज खान, अयान खान, अबुजर खान, सुहैल बाबा, फारुख, सोहेल मिर्जा, तौफीक बेग, बकील खान, गोलू रैकवार, राजा, धर्मेंद्र रावल सहित बाबा के खिदमतदार व श्रद्धालुओं की विशेष रूप से उपस्थिति रही।

# कियोस्क संचालक ने महिला के बैंक खाते से निकाली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

रहली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम छपरा की एक महिला के बैंक खाता से कियोस्क संचालक के द्वारा राशि निकालने के मामले को लेकर रहली थाना प्रभारी से इसकी लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। थाना प्रभारी को आवेदिका सुनीता रानी पत्नी खुमान सिंह घोषी (55) निवासी छपरा ने कियोस्क संचालक अमित पिता कमलेश कुर्मी निवासी जूना के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत में लेख किया गया कि उनका भारतीय स्टेट बैंक शाखा रहली के अंतर्गत कियोस्क खाता क्रमांक 36452704336 ग्राम जूना से संचालित है। उक्त कियोस्क बैंक का संचालन अमित कुर्मी करता है। उन्होंने 12 जुलाई को जब अपने कियोस्क बैंक खाते से 5 हजार रूपए निकाले तब उन्हें मालूम चला कि उनके बैंक खाता से पिछली तारीखों में भी राशि निकाली गई है। उन्होंने आवेदन में लेख किया कि उनके बैंक खाते से वर्ष 2024 में 9 जून को 2500, 11 अप्रैल को 3300, 2 मार्च 3200 रूपए निकाले गए। इसके अलावा वर्ष 2023 में 12 अक्टूबर को 2 हजार, 29 सितंबर 200, 14 जुलाई 1 हजार, 29 जून 3 हजार, 5 मार्च 2 हजार, 21 जून 2 हजार, 23 मई को 2 हजार की राशि निकाली गई। इस तरह उनके बैंक खाता से वर्ष 23-24 में उक्त तारीखों के दौरान करीब 21 हजार 200 रूपए निकाले गए। उन्होंने जब बैंक स्टेट मेंट निकाला तब उन्हें यह जानकारी मिली। आवेदन में उल्लेख किया गया कि उन्हें ऐसी आशंका है कि यह राशि अमित कुर्मी ने निकाली है। इसके पूर्व 5 माह पहले अमित कुर्मी ने 4500 रुपये उनके बैंक खाते से निकाल लिए थे। तब उन्होंने इसकी पुलिस थाने में शिकायत की थी। जिसके बाद उसने उक्त राशि लौटा दी थी।

**NAME CHANGE**

**I SANDHYA DEVI** ( Existing name of as per service document ) wife of Virendra Prasad Gautam resident of village Dobhi Tahsil Deori district Sagar have changed my name from **Sandhya Devi** to **Shyama Sandhya Gautam** vide affidavit dated 11th July 2024 before District Court Sagar

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2701
उच्चतम भाव-3910
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-2830
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2504
उच्चतम भाव- 2549
चना
न्यूनतम भाव- 5030
उच्चतम भाव- 6770
मसूर
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-6650
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-4431
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4005
उच्चतम भाव-5920
सरसों
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5850
उड़द
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-8000
मूंग
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-7830
धान
न्यूनतम भाव-1315
उच्चतम भाव-2575
अलसी
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5445
बटरी
न्यूनतम भाव-5035
उच्चतम भाव-5035
धना
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6200

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5579 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### औसत वर्षा दर्ज हुई

**गंजबासौदा।** एक जून से लेकर अब तक 298.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है जबकि जिले की औसत वर्षा 1075.50 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि आज दिनांक तक गंजबासौदा में 211.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### ग्रामीण ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** मंगलवार को सिरोंज रोड स्थित ग्वालियर टपरा निवासी रफीक खान ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मदनलाल अग्रवाल का निधन

**गंजबासौदा।** आलोक अग्रवाल, रामू अग्रवाल के पिताजी मदन लाल अग्रवाल का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास पचमा रोड से शाम के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम राइज स्कूल के बच्चों के सहयोग से लक्ष्मीबाई पार्क के बाउंड्री वॉल के समीप पौधे लगाए गए

# जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, नागरिकों ने किया विभिन्न किस्मों के 350 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


















नगर पालिका परिषद द्वारा पंचतत्व संस्था के सहयोग से राजेंद्र नगर स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क में विभिन्न प्रजाति के 350 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पंचतत्व संस्था, गणमान्य नागरिकों ने 'एक पौधा अपनी मां के नाम' के स्लोगन के साथ पौधे लगाए। वहीं सीएम राइज स्कूल राजेंद्र नगर के बच्चों के सहयोग से भी पार्क के बाउंड्री वॉल के समीप पौधे लगाए गए। सभी ने इन पौधों की देखभाल करने और उन्हें बड़ा करने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने धरती माता और पौधों की पूजा अर्चना कर किया। अपने उद्बोधन के दौरान एसपी दीपक शुक्ला ने कहा कि हम पौधा लगाए और उसकी देखभाल करें। आज कॉलोनियां कट रही हैं और पेड़ पौधों की संख्या कम होती जा रही हैं। पर्यावरण के संतुलन के लिए पर्याप्त मात्रा में पौधों का रोपण बहुत जरूरी है। हम विभिन्न तीज त्योहार में पेड़ों की पूजा अर्चना करते हैं इसलिए उनकी देखभाल भी हमें अपने बच्चों की तरह करनी चाहिए। हम पौधा जरूर लगाए और जो पौधे पहले से लगे हुए हैं उनका भी विशेष ध्यान रखें। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि पहले पार्क दुर्दशा का शिकार था, लेकिन अब नागरिकों की मांग पर इसका पुनरुद्धार किया जा रहा है। इसके चारों तरफ बाउंड्री वॉल कराई जा रही है और कई तरह के पौधे लगाए जा रहे हैं। आज कम बारिश हो रही है और तापमान अधिक बढ़ रहा है इससे बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। एसडीएम विजय राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पौधारोपण वर्षा आधारित कार्यक्रम है और शासन ने अंकुर अभियान के तहत एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया है। बरसात में पौधा जड़ पकड़ लेता है। हमें इसके साथ फोटो पौधा लगाते समय और उसके एक माह बाद और फिर 3 माह बाद पौधे के विकास के साथ खींचना चाहिए। जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादोन ने कहा कि नगर पालिका सबके साथ मिलकर काम कर रही है जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और सोखता गड्डों का निर्माण करें ताकि मौसम संतुलित बना रहे। इससे पूर्व पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने पंचतत्व संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी के अलावा अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र जैन ने किया और आभार नारायण सोनी ने माना।

उधर इस कार्यक्रम के बाद सभी अतिथियों ने राजेन्द्र नगर स्थित सीएम राइज विद्यालय पहुंचकर वहां निःशुल्क परिवहन सेवा का फीता काटकर एवं झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, समाजसेवी कांतीभाई शाह, एसडीओपी मनोज मिश्रा, पूर्व न्यायाधीश राजेन्द्र चौरसिया, मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, सीएमओ जयंत वर्मा, जनपद सीईओ भगवान सिंह, एसएडीओ एएस कौरव, डॉ वीके गर्ग, पार्षद संतोषी मीणा, पार्षद नारायण सोनी, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, सिद्दीक हसन, नीलेश राय, प्रमोद सिंह राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना, यशपाल यादव, ओपी चौरसिया के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## गड्ढे-कीचड़ बनी वाहन चालकों व लोगों की परेशानी का सबब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के त्योंदा रोड से लाल पठार जाने वाले मार्ग पर कीचड़ एवं गडढे होने से आने जाने वाले वाहन चालकों और नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पैदल राहगीरों को तो निकलना बहुत मुश्किल हो रहा है। खास कर गिरिराज मंदिर जाने वाली महिलाएं और श्रद्धालुओं को परेशानी उठाना पड़ रही है। यहां उल्लेखनीय है कि सरस्वती शिशु मंदिर, आईपीएस स्कूल आने जाने के लिए भी यही मुख्य मार्ग है और इसी मार्ग से होकर दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों को निकलना पड़ता है।

इस मार्ग पर पुलिया निर्माण भी अधूरा पड़ा है और मुख्य मार्ग से सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तक की यह करीब दौ सौ मीटर की सड़क भी बेहद खस्ताहाल है। बरसात में इस मार्ग के कारण लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड रही हैं। इसके बावजूद लोनिवि सड़क सुधार में रूचि नहीं दिखा रहा है।

## श्री गिर्राज धाम में भंडारे और जलसेवा के लिए सामग्री से भरा वाहन किया रवाना




**गंजबासौदा।** श्री गिर्राज मित्र मंडल द्वारा 17 से 21 जुलाई तक गोवर्धन धाम श्री कनक भवन, छोटी परिक्रमा मार्ग चकलेश्वर महादेव मंदिर के पास विशाल भंडारा एवं जल सेवा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री गिर्राज मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष गोवर्धन धाम में किया जाता है। जिसमें नगर के कई श्रद्धालु भी आयोजन समिति में शामिल रहते हैं। इन्हीं श्रद्धालुओं द्वारा गत दिवस भंडारे की व्यवस्थाओं के लिए एक ट्रक सामग्री को गोवर्धन धाम के लिए रवाना किया गया। अब यह सामग्री बुधवार 17 जुलाई से 21 जुलाई तक चलने वाले भंडारे में उपयोग की जाएगी। श्री गिर्राज मित्र मंडल ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र से मथुरा वृंदावन भ्रमण एवं गोवर्धन जी की परिक्रमा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे उक्त भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ उठाएं और यदि श्रद्धालु चाहें तो जनसेवा में सहयोग भी कर सकते हैं।

## ब्लॉक किसान खेत मजदूर कांग्रेस ने परेशानियों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्लॉक किसान खेत मजदूर कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें चौरावर रोड़ पर पुलिस पैट्रोलिंग करने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि गंज बासौदा पचमा बायपास मार्ग से ग्राम चौरावर रोड पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी वजह से आने जाने वालों को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए जागरूक नागरिकों एवं ब्लाक किसान खेत मजदूर कांग्रेस ने आवेदन देकर पुलिस पेट्रोलिंग शुरू करने की मांग की है। क्योंकि चौरावर रोड पर सड़क किनारे पर शाम होते ही शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है। जिसकी वजह से आने जाने वाले राहगीरों ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। सड़क किनारे बैठकर नशा करने वालों द्वारा किसी भी तरह की घटना घटित करने का भय बना रहता है। इस मौके पर प्रकाश, साबिर भाई, भगवत यादव, मोहन लाल शर्मा, दिनेश नामदेव सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

### न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को किया संबोधित

## केन्द्रीय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को केन्द्रीय विद्यालय लाल पठार में विधिक साक्षरता शिविर एवं पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर की अध्यक्षता राघवेन्द्र सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा द्वारा की गई। उनके द्वारा उपस्थित छात्र, छात्राओं को संविधान के मूलभूत अधिकार एवं कर्तव्य, बालश्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास, शारीरिक मानसिक नैतिक व आध्यात्मिक क्षमता के विकास हेतु नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएँ एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवायें) योजना 2015 दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां स्वास्थ्य, स्वच्छता पर्यावरण निःशुल्क विधिक सहायता के संबध में जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिनांक 5.6.2024 से 5.8.2024 तक (72 दिवसीय) वृहद पौधा रोपण अभियान के तहत तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया। साथ ही कार्यकम में उपस्थित छात्र,छात्राओं को प्रति व्यक्ति 5 पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प करने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्य, अधिवक्ता राजेश सक्सेना, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले , लॉयन्स विनिता गोयल, आरती गर्ग,विद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त सैनिकों ने किया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** मंगलवार को दो पूर्व सैनिकों ने भी देहात थाना परिसर में पंचतत्व संस्था के तत्वावधान में अपने माता पिता की स्मृति में पौधे लगाए। इस दौरान पूर्व सैनिक महेश शर्मा ने अपनी मां की स्मृति में उनके नाम से और पूर्व सैनिक भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने अपने पिता स्व लक्ष्मण सिंह सोलंकी खडेर वालों के नाम से ट्री गार्ड सहित पौधे लगाए। इस अवसर पर पंचतत्व संस्था के प्रमोद सिंह राजपूत, अजय गर्ग, कपूर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## जागरुकता संवाद कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभाष निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल में भारतीय वायु सेना मे अग्निवीर भर्ती के लिए अभियान कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में वायुसेना के प्रतिनिधियों ने बच्चों से संवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वायु सेना के अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण, पूजन कर किया। कार्यक्रम में बच्चों को विस्तार पूर्वक वायु सेना के प्रतिनिधियों द्वारा वायु सेना के बारे में जानकारी दी गई एवं अग्निवीर जिसे वायु सेवा में वायु वीर के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से अग्नि वीर भर्ती के पश्चात उन्हें अन्य सेवाओं में जाने का अवसर मिलेगा। अग्निवीर भर्ती के बारे में सभी जानकारी विद्यार्थियों उपलब्ध कराई गई। जानकारी उपरांत प्रतिनिधियों द्वारा एक क्विज का आयोजन भी किया गया। जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वायु सेना के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त सेवानिवृत्त वायुसैनिक मुकेश खन्ना, विद्यालय की प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, सभी व्याख्याता एवं कक्षा 11, 12 विज्ञान व वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### गर्मी के साथ बिजली बनी परेशानी का सबब

**गंजबासौदा।** विगत दो दिनों से नगर में तेज गर्मी और उमस से लोग खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार को भी दिन भर तेज धूप निकली जिसके कारण भीषण गर्मी और उसम के चलते लोगों में घबराहट की समस्याएं देखी गईं। गत दिवस हुई बारिश के बाद निकली तेज धूप से लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोगों में उल्टी, दस्त, सिरदर्द, घबराहट आदि की समस्याएं देखी जा रही हैं। जिसके चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर में लगातार बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिन एवं रात्रि के समय कभी भी किसी भी वार्ड में बिजली का प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नगरवासियों को गर्मी के मौसम में बगैर, पंखा, कूलर, एसी के देर तक समय गुजारना पड़ रहा है। उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी से अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

## विजयपुर में मंत्री रामनिवास रावत ने बजाया ढोल

# मातमी धुन के बीच निकाले गए ताजियों आस्था पूर्वक करबला में किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मोहर्रम की 10 तारीख (यौमे आशूरा) को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में ताजियों का जुलूस निकाला गया। देर शाम ताजियों को करबला ले जाकर आस्थापूर्वक विसर्जन किया। इसी के साथ 10 दिवसीय ताजियों का मातमी पर्व समाप्त हो गया। उधर विजयपुर में हर साल की तरह इस साल भी मंत्री रामनिवास रावत ने ताजिया को कंधा लगाकर करबला तक पहुंचाने के काम में भागीदारी की।

सुबह 11:30 बजे से ही ताजियों का बाजार में आना शुरु हो गया। किला रोड गर्ल्स स्कूल के पास से सूबात चौराहे तक दोपहर 12:30 बजे तक सभी इमामबाड़ों से पहुंचे ताजिए अपने-अपने स्थान पर रखे गए। शाम 04 बजे तक ताजिए यथास्थान पर रखे गए। इसके बाद ताजियों का करबला की ओर निकलना प्रारंभ हो गया। टोड़ी गणेश मंदिर से अंतिम ताजिया सूर्यास्त पहले ही निकल गया था। इसके बाद मंदिर पर आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उधर करबला पर पहुंचे ताजियों का नदी में दफनाने का काम रात 12 बजे के बाद तक चला। अंतिम ताजिए के रुप में बड़ा इमामबाड़ा पंचायत के ताजिए को करबला में दफनाया गया। हालांकि ताजियों का जुलूस शांतिपूर्वक निकला, लेकिन पूरे जिले की पुलिस सुरक्षा को लेकर अलर्ट बनी रही। सुरक्षा के लिए बाहर से भी पुलिस फोर्स को यहां बुलाया गया। उधर बड़ौदा, कुहांजापुर, पांडोला, ज्वालापुर, सोंईकलां, मानपुर, ढोढर, कराहल, वीरपुर आदि स्थानों से भी ताजिए निकाल गए थे।



### जगह-जगह लगी सबीले

ताजियों के जुलूस के दौरान बाजार में जगह-जगह सबीले लगाई गई। जिस रुट से ताजिए निकाले गए, वहां पर स्वयंसेवी संस्थाओं व स्थानीय लोगों ने सबील लगाकर जुलूस में शामिल लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए मीठे पानी की शरबत पिलाया। कुछ सबीलों पर हलीम, बिरयानी, कबूली बांटी गई। छारबाग टीला मोहल्ला, किला गेट पर, मैन बाजार डॉ. शाकिर अली की दुकान पर, पीर मदार के पास सामूहिक रुप से लोगों ने सबीले लगाई थी। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से घर-घर लोगों ने अपने स्तर पर शरबत बनाकर पिलाया व स्वल्पहार वितरण किया।



### मंत्री रामनिवास रावत ने जताई आस्था

उधर विजयपुर में हर साल की तरह इस साल भी मंत्री रामनिवास रावत न सिर्फ ताजियों के जुलूस में शामिल हुए बल्कि उन्होंने ताजिया को कंधा लगाकर करबला तक पहुंचाने में मुस्लिम समाज के साथ कदमताल मिलाए इस दौरान उन्होंने ढोल भी बजाया और ताजिया पर फातिहा लगवा कर क्षेत्र की अमन शांति खुशहाली और विकास के लिए दुआ मांगी। इस दौरान उनके साथ उनके कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान मुस्लिम समाज ने मंत्री रामनिवास रावत का स्वागत भी किया।

## ओछापुरा गांव की घटना, दोनों बच्चे आपस में लगते हैं चाचा भतीजे

# पत्थर की अवैध खदान में बकरियों को पानी पिलाने गए दो बच्चे डूबे, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



तहसील वीरपुर के ग्राम ओछापुरा में बुधवार की सुबह दो बच्चों की पत्थर की अवैध खदान में भरे पानी में उस समय डूबने से मौत हो गई, जब दोनों बच्चे वहां बकरियों के पानी पिलाने के लिए गए थे। दोनों बच्चे एक ही परिवार के है और आपस में चाचा भतीजे लगते है। दो बच्चों की मौत की इस घटना से जहां परिवार के लोगों का रो रोककर बुरा हाल है। वही गांव में मातम छा गया है। ओछापुरा थाना पुलिस ने पीएम के बाद दोनों बच्चों के शवों को उनके परिवाजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम ओछापुरा में इन दिनों कई जगह पत्थरों की अवैध खदान बना रखी है। काफी गहरी इन खदानो में पिछले दिनों हुई बारिश का पानी भर गया है। निर्माणधीन अस्पताल भवन के पास बनी ऐसी ही एक पत्थर खदान में बुधवार की सुबह राम अवतार माली 17 वर्ष पुत्र मांगीलाल माली तथा धर्मू उर्फ धर्मेन्द्र 12 वर्ष पुत्र गणेश माली अपनी बकरियों को पानी पिलाने के लिए गए थे। बकरियों को पानी पिलाने के दौरान अचानक धर्मेन्द्र का पैर फिसल गया और वह खदान में गिर गया।

रिश्ते में भतीजे लगने वाले धर्मेंद्र को बचाने के फेर में रामअवतार भी खदान में गिर गया और दोनों डूब गए। जब तब आसपास के लोगो को इस घटना का पता चला और उन्होंने खदान में कूदकर दोनो बच्चों को बाहर निकाला,तब तक दोनों बच्चो की मौत हो गई। इसके बाद यहां ग्रामीणों की भीड लग गई और परिवार के लोगों की चीक पुकार मचना शुरू हो गई। ओछापुरा थाना प्रभारी जय कुमार रघुवंशी ने बताया कि पीएम के बाद दोनों बच्चों के शवों को परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों ने बिजली विभाग को बताया हादसे का जिम्मेदार

दो बच्चों की मौत से दुखी ओछापुरा गांव के ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। ओछापुरा के ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों ओछापुरा में बिजली की गंभीर समस्या बनी हुई है। बिजली गुल होने के कारण ही पानी की समस्या भी उत्पन्न हो गई। पानी की समस्या के कारण ही दोनों बच्चों को अपनी बकरियों को पानी पिलाने के लिए खदान पर जाने की जरूरत पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिजली और पानी की समस्या उत्पन्न नहीं होती तो इन बच्चां को बकरियों को पानी पिलाने के लिए खदान पर जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

## एक साल से वेतन नहीं मिलने पर पशु चिकित्सकों ने शुरू की हड़ताल

# अब 1962 डायल करने पर भी मवेशियों को इलाज मुहैया कराने घर नहीं पहुंचेगी एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अब टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने के बाद भी आपके मवेशियों का इलाज या टीकाकरण के लिए एंबुलेंस घर नहीं पहुंचेगी। कारण यह है कि इस एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए तैनात किए गए पशु चिकित्सकों को सरकार ने विगत एक साल से वेतन ही नहीं दिया है और बिना वेतन के काम कर रहे इन चिकित्सकों ने पूरे प्रदेश में हड़ताल शुरू कर दी है और इसी क्रम में बुधवार से श्योपुर जिले में भी डायल 1962 सेवा ठप हो गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में कुल 407 पशु एबुलेंस हर ब्लॉक स्तर पर चलाने का फैसला किया था। इस एंबुलेंस की सेवा लेने के लिए पशुपालकों को टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सेवा लेनी थी। इसके तहत कॉल करने के कुछ ही वक्त के अंदर पशु चिकित्सक मवेशी के इलाज़ के लिए पशु पालकों के घर पहुंच कर उनके पशुओं को इलाज़ मुहैया करा रहे थे, खास बात यह है कि इस एंबुलेंस व्यवस्था के कारण पूर्व से पदस्थ पशु चिकित्सकों की रूटीन प्रक्रिया प्रभावित न हो इसके लिए राज्य सरकार ने नए पशु चिकित्सकों की आउटसोर्स पर भर्ती भी की थी, व्यवस्था सब ठीक चल रही थी पर इस सेवा में तैनात पशु चिकित्सकों को विगत 1 साल से वेतन नहीं मिला। बार-बार मांग करने के बाद भी जब वेतन मिलता नहीं दिखा तो अब यह पशु चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं, बुधवार को इस संबंध हड़ताल पर जाने से पहले पशु चिकित्सकों ने अपने-अपने जिला प्रमुखों को हड़ताल पर जाने की सूचना भी दी जिसके तहत श्योपुर जिले में उपसंचालक पशु पालन विभाग डॉ एसबी दोहरे को आवेदन देकर श्योपुर जिले में एम्बुलेंस सेवा के लिए नियुक्त किए गए पशु चिकित्सक हड़ताल पर चले गए।

# बीईओ ने ली प्रिंसिपलों की क्लास विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीईओ मधु शर्मा ने विकासखंड क्षेत्र के तहत आने वाले संकुल प्रिंसिपलों की बैठक लेते हुए उन्हें कलेक्टर लोकेश कुमार के मार्ग दर्शन में जिले में संचालित शिक्षा की योजनाओं में शत प्रतिशत अमल करने के निर्देश दिए। बीआरसीसी हरिशंकर बाथम के साथ मिलकर की गई विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीईओ मधु शर्मा ने नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 में शतप्रतिशत नामांकन करने, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में बस्तों का बोझ कम करने, प्रायवेट स्कूल संचालकों को गाइडलाइन के तहत किताब संचालित कराने, कलेक्टर लोकेश कुमार के नवाचार वाली मेरी शाला आदर्श शाला योजना को जन सहयोग से अमली जामा पहनाने के निर्देश दिए। इस दौरान बीआरसी बाथम ने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, निःशुल्क सायकिल वितरण, एफएलएन का विधिवत संचालन की समीक्षा की।

इस दौरान प्रिंसीपल सीताराम आदिवासी उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर, प्रिंसिपल नरेंद्र जाट संकुल बड़ौदा, प्रभारी प्रिंसिपल लोकेंद्र मीणा पाण्डोला, प्रभारी प्रिंसिपल मनोज पाराशर संकुल हजारेश्वर, कन्या उमावि श्योपुर प्रिंसिपल प्रतिनिधि रवि गर्ग एवं प्रेमसर संकुल से प्रिंसिपल प्रतिनिधि सत्यनारायण गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### पति ने कुल्हाडी से की पत्नी से मारपीट, केस दर्ज

श्योपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव नागदा में एक महिला की उसके पति ने कुल्हाडी से मारपीट कर दी। जिससे महिला घायल हो गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम नागदा निवासी महिला किरण पत्नी अंकुर मीणा से बुधवार की अल सुबह घरेलू बातों को लेकर उसके पति अंकुर मीणा ने विवाद किया और फिर कुल्हाडी से उसकी मारपीट कर दी। सास और ससुर ने बीच बचाव किया और कोतवाली पुलिस ने महिला किरण की रिपोर्ट पर उसके पति अंकुर के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

# 21 मिनट में 21 हजार पौधे रोपकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगी समूह से जुड़ी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देवशयनी एकादशी के अवसर पर पूरे प्रदेश सहित जिले में भी स्कूलों में भोजन नाश्ता पकाने और खिलाने का काम करने वाले महिला स्वसहायता समूहों द्वारा गुरुवार को पौधरोपण किया जाएगा। संघ का दावा है कि महिलाएं पूरे प्रदेश में एक साथ 21 मिनट के भीतर 21 लाख़ पौधे रोप कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगी। पौधरोपण का यह आयोजन एक पेड़ मां और सासू मां के नाम अभियान के तहत लगाया जाना है। उधर 16 जुलाई से शुरू हुई हड़ताल जारी है।

प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने बताया कि पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में पकाए जाने वाले भोजन में सरकार 5 रुपए में खीर पूरी दो सब्जी सलाद अचार पापड़ मांग रही है। और पेमेंट के नाम पर उपस्थिति का साथ 60 फ़ीसदी ही दे रही है। बार-बार इस व्यवस्था में सुधार की मांग करने के बाद भी सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है जिसके चलते प्रांतीय समूह संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओम प्रकाश बघेल के निर्देश पर 16 सितंबर से प्रदेश भर में हड़ताल शुरू कर दी गई है। इस क्रम में गुरुवार को स्कूलों के किचन शेड में ताले तो डले रहेंगे लेकिन पूरे प्रदेश के किचन शैडो या स्कूल परिसर में दो-दो पौधे समूह से जुडी महिलाएं लगाएंगी। समूह संघ से 11 लाख महिलाएं जुड़ी हुई है हर महिला दो पौधे लगाएंगी सुबह 11:00 से शुरू होने वाला पौधरोपण 11:21 तक रहेगा इस 21 मिनट में प्रदेश में पौधरोपण का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड 21 लाख़ पौधे रोप कर बनाया जाएगा।

### आंगनबाड़ी यूनियन की हड़ताल स्थगित

उधर 19 जुलाई को होने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की हड़ताल स्थगित कर दी गई है कार्यकर्ता सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व को सरकार ने वार्ता के लिए बुलावा भेजा है, वार्ता में आश्वासन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है सरकार के अनुरोध पर फिलहाल हड़ताल स्थगित की है। ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने ज्ञापन सौंप कर 19 जुलाई को हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी।

### बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सब स्टेशन में की तोडफोड,ऑपरेटर को पीटा

श्योपुर। बिजली कटौती से परेशान रघुनाथपुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह रघुनाथपुर के बिजली सब स्टेशन की बिजली सप्लाई बंद करते हुए न सिर्फ वहां तोड़फोड़ कर डाली, बल्कि वहां पदस्थ बिजली कंपनी के ऑपरेटर के साथ मारपीट भी कर दी। ऑपरेटर ने बिजली कंपनी अधिकारियों के साथ रघुनाथपुर थाने में पहुंचकर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दरअसल रघुनाथपुर स्थित बिजली सब स्टेशन से सुमरेरा, कुम्हारपुरा, जीवननगर आदि गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है। पिछले कुछ दिनों से इन गांवों की बिजली व्यवस्था अस्त व्यस्त बनी हुई थी, बिजली समस्या के कारण ग्रामीण न सिर्फ सिंचाई के लिए परेशान हो रहे थे,बल्कि उनके समक्ष पानी की समस्या भी उत्पन्न हो गई थी। बुधवार सुबह इन गांवों के ग्रामीण एकत्रित होकर रघुनाथपुर सब स्टेशन पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने सब स्टेशन से जाने वाली बिजली सप्लाई को बंद कर दिया और सब स्टेशन के सामानों की तोडफोड कर दी। यहां पदस्थ ऑपरेटर राजपाल कुशवाह ने बताया कि लोगो ने बिजली सब स्टेशन पर तोडफोड करते हुए उसकी भी बुरी तरह मारपीट कर दी गई। राजपाल का आरोप है कि उस पर तलवार से भी हमला किया गया है। आपरेटर ने रघुनाथपुर थाने में दिए आवेदन में कुछ ग्रामीणों के नामों का उल्लेख करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रघुनाथपुर थाना प्रभारी रवि सिंह कुशवाह का कहना है कि इस तरह की शिकायत आई है। जिसकी जांच की जा रही है,जांच उपरांत नियमानुसार की कार्रवाई की जाएगी।

### हड़ताल के 29 वे दिन श्योपुर के अतिथि शिक्षकों ने दिया भोपाल में धरना




श्योपुर। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अतिथि शिक्षकों को लेकर की गई घोषणा को लागू कराने के उद्देश्य अतिथि शिक्षक संघ द्वारा भोपाल में दिए जा रहे क्रमिक धरने के क्रम में 29 वे दिन श्योपुर जिले के अतिथि शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन में भागीदारी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।अतिथि शिक्षक अफसार अहमद ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले अतिथि शिक्षकों को नियमित करने सहित दूसरी घोषणाएं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी। चुनाव जीतने के बाद भाजपा सरकार मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल नहीं कर रही है सरकार का ध्यान पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा पर अमल कराने के उद्देश्य से भोपाल में अतिथि शिक्षकों द्वारा क्रमिक धरना दिया जा रहा है। हर दिन अलग-अलग जिले से अतिथि शिक्षक पहुंचकर इस धरने में शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को श्योपुर जिले के अतिथि शिक्षकों का नंबर था जिसके तहत जिले से भोपाल पहुंचे अतिथि शिक्षकों ने दिन भर धरना दिया और बाद में मुख्यमंत्री के नाम लोक शिक्षण कार्यालय में सचिव को ज्ञापन सोपा।

## श्योपुर जिले में उपेक्षा का शिकार देववाणी कही जाने वाली संस्कृत भाषा

# संस्कृत में कैसे बनेगे विद्वान:जिले के किसी भी सरकारी कॉलेज में नहीं संस्कृत विषय में मास्टर डिग्री की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भलेही संस्कृत भाषा को देववाणी कहा जाता हो, लेकिन श्योपुर जिले में संस्कृत भाषा उपेक्षा का शिकर हो गई है। हालांकि सरकार का उच्च शिक्षा विभाग कॉलेजों में रोजगार परक विषयों के अध्ययन को बढ़ावा दे रहा है, लेकिन उनकी प्राथमिकता में संस्कृत विषय नहीं है। शायद यही वजह है कि जिले में संचालित हो रहे छह सरकारी कॉलेजों में से एक भी कॉलेज में संस्कृत विषय में मास्टर डिग्री की सुविधा नहीं है।

यहां बताना होगा कि श्योपुर जिले में छह सरकारी कॉलेज संचालित हो रहे है। जिनमें शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर, शासकीय गर्ल्स कॉलेज श्योपुर, शासकीय महाविद्यालय विजयपुर, शासकीय महाविद्यालय बडौदा, शासकीय महाविद्यालय ढोढर और शासकीय महाविद्यालय कराहल शामिल है। लेकिन इनमें से किसी भी कॉलेज में संस्कृत विषय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने की सुविधा नहीं है। ऐसे में श्योपुर जिले के छात्रों को संस्कृत विषय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने के लिए दूसरे जिले का रूख करना पड़ रहा है या फिर प्राइवेट पढ़ाई के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिले के लीड कॉलेज यानी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में भी वर्षों से यह सुविधा नहीं है। हालांकि संस्कृत विषय से स्नातकोत्तर पढ़ाई शुरू करवाए जाने के लिए छात्रों के द्वारा मांग उठाई जाती रही है और कॉलेज प्रबंधन भी इस संबंध में प्रस्ताव भेजने की बात कहता रहा है,लेकिन इसके बाद भी संस्कृत विषय से एमए की पढ़ाई की सुविधा अभी तक भी शुरू नहीं हो सकी है।




### विद्यार्थी कर रहे डिमांड

जिले के सरकारी कॉलेजों में संस्कृत विषय से एमए की पढाई करने की सुविधा नहीं है। जबकि जिले के कई क्षेत्रों में विद्यार्थी संस्कृत पढना चाहते हैं एवं मास्टर डिग्री करना चाहते हैं। लेकिन विभाग की बेरूखी की वजह से संस्कृत की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। दूरदराज इलाकों के छात्रों के लिए तो संस्कृत की पढ़ाई एक सपना बन कर रह गया है।

### कैसे मिलेंगे संस्कृत के विद्वान



पंडित हरिओम शरण शास्त्री का कहना है कि संस्कृत भाषा का महत्व कल, आज और कल हर समय रहेगा। बदलते समय के साथ यह भाषा थोड़ी विलुप्त हुई थी, लेकिन अब नहीं। पूजा-पाठ या फिर अन्य कर्मकांड के लिए संस्कृत विद्वान को ही तवज्जों दी जाती है। संस्कृत विषय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की सुविधा जिले के सरकारी कॉलेजों में होनी चाहिए। इसके प्रोत्साहन के लिए सरकार को कदम उठाना चाहिए। रोजगार परक पाठ्यक्रमों की शुरुआत करनी चाहिए। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के जरिए आधुनिक विषयों का समावेश करना चाहिए। संस्कृत को लोकप्रिय भाषा बनाने के उद्देश्य से कई कदम उठाने पड़ेंगे।

### इनका कहना है

हां, अभी तक तो संस्कृत विषय से पढ़ाई की सुविधा नहीं थी, लेकिन इस बार से स्नातक में संस्कृत विषय की पढ़ाई शुरू की जा रही है। उम्मीद है कि आगामी दिनों में संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर की पढाई भी शुरू हो जाएगी।

**डॉ विपिन बिहारी शर्मा**
प्राचार्य पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर

## संस्कारों से ही मानव जीवन होता है पवित्रः हरिओम शास्त्री

# वेद मंत्रोच्चार के बीच पांच विद्यार्थियों का यज्ञोपवीत और वेदारंभ संस्कार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्रीनीलकंठ वैदिक गुरुकुलम, श्योपुर में बुधवार को पांच नवीन विद्यार्थियों का वेद मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञोपवीत संस्कार एवं वेदारंभ संस्कार संपन्न कराया गया। इस मौके पर आचार्य हरिओम शरण शास्त्री ने कहा कि संस्कारों से ही मानव जीवन पवित्र होता है और संस्कारों का सृजन हमारे जीवन का एक उपाकर्म है।

उन्होंने कहा कि ब्रह्म समाज का विकास एवं उन्नयन तभी होता है जब संस्कारों का सृजन हो। संस्कारों से मानव जीवन पवित्र होता है और उसके साथ-साथ श्रेष्ठ कर्मो का समावेश होता है। इनमें ही एक यज्ञोपवीत संस्कार है। पंडित हरिओम शरण शास्त्री, राधारमण शास्त्री, विशाल शास्त्री, देवकीनंदन शर्मा, मिलिंद भागवत आदि आचार्यो ने पांचो नवीन विद्यार्थियों स्वरुप शर्मा, शुभम शर्मा , चेतन शर्मा, दिलीप शर्मा, रतन शर्मा का वैदिक परंपराओं के अनुसार यज्ञोपवीत संस्कार एवं वेदारंभ संस्कार संपन्न कराया गया। साथही विद्यार्थियों को वेदों के प्रारंभिक मंत्रों का पाठ और उनकी महत्ता समझाई गई तथा वेदों का महत्व और उनके अध्ययन की विधियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद सभी आचार्यो ने सभी संस्कारित बटुकों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**

### जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी रामगोपाल कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोमेश और विवेक कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तायडे कालोनी निवासी सूरज शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत रघुवंशी और अभिषेक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चाटौली निवासी कैलाशबाई पत्नी जंडेल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सिमन गुर्जर भैयालाल गुर्जर छोटू गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवती के फेसबुक पर फोटो डालने पर केस दर्ज

**अशोकनगर।** शाढौरा थाने के अंतर्गत पुलिस ने एक 22 वर्षीय विवाहित युवती की रिपोर्ट पर से राजगढ जिले के आरोपी पर फरियादिया के फेसबुक पर अश्लील वीडियो व फोटो डालना व फरियादिया की सहेलियो की फोटो एडिट कर बदनाम करने पर मामला दर्ज किया गया है।

### जहरीले पदार्थ का सेवन करने से व्यक्ति की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया पछार निवासी फूलसिंह पुत्र भभूति अहिरवार उम्र 65 साल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### रंजिश को लेकर युवक से की गई मारपीट

**अशोकनगर।** पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बक्सनपुर निवासी मुशीलाल पुत्र गेदालाल ओझा उम्र 32 वर्ष को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा उपचार करा रहे घायल ने बताया कि में अपने घर के बाहर खडा था। उसी दौरान हमारे गाव के धर्मेन्द्र ,इकतार केवट आए और मुझ पर लाठियो से हमला कर दिया। जिससे मेरे दोनो पैरो और हाथो मे चोटे आई है। घायल का उपचार किया जा रहा है।

### जिला सलाहकार व समन्वय समिति की बैठक आज

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 81वीं जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक 18 जुलाई को दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक कल

**अशोकनगर।** जिला पंचायत अशोकनगर की सामान्य सभा की बैठक 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कार्यालय जिला पंचायत अशोकनगर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### चंदेरी व ईसागढ़ तहसील में अतिक्रमण हटाए

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने निर्देशानुसार जिले में भू-माफियाओं को विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को तहसील चंदेरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगासरा से अतिक्रमण हटाया गया। तहसील ईसागढ़ के ग्राम गोपालपुर में प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर पर किए गए अतिक्रमण बाउंड्री हटाकर विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### कृषि ने दी किसानों को आवश्यक सलाह

**अशोकनगर।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास केएस कैन ने जिले के किसान भाइयों को आवश्यक सलाह दी गई है। कृषकगणों द्वारा वर्तमान में सोयाबीन के साथ साथ खेतों में अन्य फसलें भी खड़ी हुई है जिसमें किसानों भाइयों के द्वारा खरपतवार नाशक का छिड़काव किया जा रहा है। किसान भाइयों को यह जानना जरूरी है कि खरपतवार नाशक दवा का प्रभावी असर के लिए खेत में पर्याप्त मात्रा में नमी होना अति आवश्यक है। कुछ क्षेत्रों में नमी की मात्रा बहुत कम है। ऐसे में खरपतवार नाशक दवा का प्रभाव नहीं होता है। पर्याप्त मात्रा में नमी होने दें। खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव करें।

## 30 मिनट में तय होने वाली दूरी तय करन में लग जाता है एक घंटा

# अशोकनगर-थूबोन मार्ग में 30 किमी के रास्ते में ढाई सौ गड्ढे, चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय को जैन तीर्थ थूबोन और ऐतिहासिक नगरी चंदेरी से जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुका है। 30 किलोमीटर लंबाई के इस मार्ग में ढाई सौ से ज्यादा गड्ढे हैं। जिससे महज 30 मिनट में तय होने वाली दूरी एक घंटे में तय हो पा रही है। इस मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें गड्ढों में चल चलकर खटारा हो चुकी हैं। मार्ग में कुछ गड्ढे तो ऐसे हैं जो अचानक से आ जाते हैं और दोपहिया वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### सात किमी सीसी रोड

बताया गया है कि एमपीआरडीसी द्वारा साढ़े पांच मीटर चैड़ाई की इस सड़क का निर्माण वर्ष 2017 में कराया गया था। डामर से बनी इस सड़क की शुरुआत अशोकनगर की दयोदय गोशाला से होती है और थूबोन तक इसकी लंबाई 30 किलोमीटर है। थूबोन से सात किलोमीटर दूर पिपरोद तक सड़क का हिस्सा सीमेंट कांक्रीट का है। यह हिस्सा नया बनाया गया है। पिपरोद पर यह मार्ग ईसागढ़ चंदेरी मार्ग से मिल जाता है। जहां से चंदेरी की दूरी 22 किलोमीटर है। सड़क का इस्तेमाल मुख्यतया थूबोन और चंदेरी पहुंचने के लिए किया जाता है।

### पूजन अर्चन में देरी की वजह बन रही खराब सड़क

वर्ष 2012 में आचार्य सुधासागर महाराज का आगमन थूबोन में हुआ था। तब से अशोकनगर से जैन श्रद्धालुओं की एक बस नियमित रूप से सुबह थूबोन पहुंचती है। इसमें तीस से चालीस श्रद्धालु रहते हैं, जो मंदिर में पहुंचकर शांति धारा और अभिषेक करते हैं। कमेटी के पदाधिकारी विजय जैन धुर्रा बताते हैं कि पहले हमारी बस तीस से चालीस मिनट में पहुंच जाती थी किंतु दो वर्ष से सड़क की हालत ज्यादा खराब हो गई है और बस को पहुंचने में एक घंटे से अधिक समय लगता है। उन्होंने बताया कि ललोई से लेकर तारई के बीच में सड़क ज्यादा खराब है।



### नियमानुसार पांच साल में होना था रिन्यूअल

एमपीआरडीसी द्वारा करीब सात वर्ष पहले सड़क को बनाया गया था। नियमानुसार पांच वर्ष में कम से कम एक बार सड़क का पुनर्निर्माण होना था। किंतु पुनर्निर्माण की जगह सड़क का पेंचवर्क ही किया गया। जिससे यह सड़क बीते दो वर्षों में अधिक खस्ताहाल में पहुंच गई। वर्तमान में सड़क का ऐसा एक किलोमीटर का हिस्सा तक नहीं है, जिसमें गड्ढे न हों। ग्रामीणों ने बताया है कि इस सड़क पर अक्सर वाहनों में टूटफूट होती है। सड़क से करीब आधा सैकड़ा गांव सीधे तौर पर जुड़े हैं।

### राजनेताओं होता है लगातार आवागमन

खास बात है कि इस सड़क पर जिले के सत्तासीन राजनेताओं का लगातार आवागमन है। मार्ग में अमरोद गांव है, जहां के अजय प्रताप सिंह यादव वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। मार्ग में ही सुरेल गांव हैं, जहां पूर्व राज्यमंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव स्थाई रूप से निवास करते हैं। वहीं चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी अपने अशोकनगर स्थित निवास से चंदेरी जाने के लिए इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। वहीं भाजपा के जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी भी अपने निवास चंदेरी से अशोकनगर आने के लिए इसी सड़क से गुजर रहे हैं।

### इनका कहना है

सड़क का रिन्यूअल होना है। इसका प्रस्ताव करीब 4 से 5 महीने पहले स्वीकृति के लिए भेजा है। पांच करोड़ से रिन्यूअल होना है। अगर जल्दी स्वीकृति नहीं मिली तो सड़क की मरम्मत कराएंगे।

**दीपक नामदेव,** उपयंत्री, एमपीआरडीसी

## मजदूरी करने से मना करने पर जूते में पेशाब भरकर पिलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



करैरा थाना क्षेत्र के बगेदरी गांव में एक दलित मजदूर के साथ मारपीट कर जूते में पेशाब भरकर पिलाने का मामला सामने आया है। घटना 14 जुलाई की शाम करीब 6 बजे की है। यह आरोप भीम आर्मी ने लगाए हैं। भीम आर्मी के पदाधिकारियों का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। तब भीम आर्मी ने 15 जुलाई को करैरा थाना के बाहर चक्काजाम किया था। इसके बाद पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ सोमवार दोपहर को एससी एसटी और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर किया था। हालांकि, भीम आर्मी का आरोप है कि पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया है। इसके विरोध में अब भीम आर्मी बड़ी संख्या में 18 जुलाई को एसडीएम को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रही है।

#### पीड़ित बोला- जूते में भरकर पिलाई पेशाब

बगेदरी के रहने वाले पीड़ित युवक ने बताया कि करैरा के रहने बाले रामसिंह ठाकुर की जमीन उसके गांव में है। रामसिंह ठाकुर ने उसे फसल में दवा का छिड़काव करने के लिए कहा था। उसने पांच सौ रुपए की मजदूरी की मांग की थी, जबकि रामसिंह ठाकुर तीन सौ रुपए मजदूरी देना चाहता था। इसके चलते उसने मजदूरी पर जाने से इनकार कर दिया था। 14 जुलाई को शाम करीब 6 बजे रामसिंह ठाकुर ने उसे रास्ते में रोक लिया था। इसके बाद रामसिंह ठाकुर ने उसे गालियां दीं तो वह वहां से घर की तरफ भाग निकला था। इसके बाद में रामसिंह ने उसे उसके घर के दरवाजे पर लाठियों से मारा पीटा और जूते में पेशाब भरकर पिलाई दी थी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि 15 जुलाई को जब वह थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की थी। इसके बाद भीम आर्मी ने थाने के बाहर चक्का जाम कर दिया था, तब कहीं जाकर पुलिस ने देर शाम मामला दर्ज किया। इधर भीम आर्मी के पदाधिकारियों का कहना है कि पीड़ित को मूत्र पिलाने के संबंध में जो धाराएं लगनी चाहिए थीं, वह नहीं लगाई गई हैं। भीम आर्मी ने मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज करने सहित आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। इस मामले में करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई का कहना है कि पेशाब पिलाने संबंधी आरोप पूर्णतः निराधार हैं। यह मामला सिर्फ मारपीट का है। प्रारंभिक जांच में तो यह सामने आया है कि गांव में एक महिला से छेड़छाड़ किए जाने के बाद परिहार समाज के लोगों ने मारपीट की थी और परिहार समाज के लोग रामसिंह ठाकुर के यहां पर काम करते हैं। आगे विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में चल रहे दवाई घोटाले की जांच टीम में प्रशासनिक अफसर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बीते 11 जुलाई गुरुवार को नगर के गांधीपार्क स्थित एक निजी मेडिकल स्टोर पर भारी मात्रा में सरकारी दवाएं छापे के दौरान बरामद हुई थी। इस मामले में कलेक्टर द्वारा जांच हेतु एक टीम बनाई गई थी। जिस पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियो को जोडने की मांग कलेक्टर से की गई।

ज्ञापन देने वालो का कहना था कि इस जांच टीम में जिन स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों को रखा गया है मूल रूप से वे सब ही इस जांच के दायरे में हैं, खुद सीएमएचओ इस मामले में कोई जिम्मेदार बात तक नहीं कर रहे हैं। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच हेतु इस जांच टीम की कमान प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपी जाए। दरअसल सरकारी अस्पताल में दवाएं गरीबों के लिए आती है। सरकार द्वारा गरीब तबके के लोगों के लिए तमाम लोक जनकल्याणकारी योजनाएं तो चलाई जा रहीं हैं लेकिन जिम्मेदार इन योजनाओं पर पतीला लगा रहे हैं। निजी मेडिकल स्टोर पर इतनी भारी मात्रा में सरकारी दवाएं कैसे और किसके जरिए पहुंची यह गहन जांच का विषय है लेकिन चूंकि यह आम और गरीब जन के हितों का विषय है इसलिए आपने नम्रता पूर्वक विनम्र आग्रह है कि शहर में चल रहे सरकारी दवाइयां के इस घोटाले की जांच प्रशासनिक अधिकारियों से कराकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही कराने की कृपा करें। यदि 7 दिवस में इस दवाई घोटाले में कार्यवाही नहीं होती है तो हम सभी को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।


### शादी में गए घोड़े पर नहीं बैठने दिया तो युवक को पीटा



**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय वार्ड नंबर 14 निवासी दीपक पुत्र प्रकाश रजक को गंभीर हालात मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे घायल के परिवारजनो ने बताया कि युवक बारातों मे दूल्हे के लिए घोड़ा लेकर जाता है। वह पिछली रात सोमवार को शंकरपुर मगरदा मे एक शादी समारोह मे अपना घोडा लेकर गया था। बारात लगने के बाद जब बह घोड़े के पैसे लेने के लिए खडा था। तभी कुछ बरातियो खाली घोड़ा देखकर उस पर बैठने के लिए मांगा जब घोडे के मालिक ने मना कर दिया तो गुना के आए बरातियो ने उससे मारपीट की और इतना मारा कि जब तक वह बेहोश नही हो गया। इसी दौरान मोहल्ले मे घोडे के मालिक के पहचान वाले ने उसके घर पर फोन कर सूचना दी तब परिवारजन बताए गए स्थान पर पहुचे इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुच गई। युवक को बेहोशी की अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहा उसका उपचार किया जा रहा है।

## कृषक ने नकली कीटनाशक देने का जड़ा आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय पर रासायनिक कीटनाशक के विक्रय की दुकाने कई संचालित हो रही है। इन दुकानो पर भीड इतनी रहती है कि लोगो को अपनी बारी का इंतजार करना पडता है। कृषि विभाग के अधिकारियो ने कभी जाच मे नही पाया कि यहा दवाए नकली है लेकिन किसान ने खुलेआम आरोप लगाया और कलेक्टर को शिकायत की और कहा कि उसने कचरा मारने की दवाई 24750 रूपए मे खरीदी थी। लेकिन कचरे पर कोई असर नही हुआ।

किसान बृखभान सिंह यादव निवासी बांयगा ने बताया कि उसके द्वारा 6 जुलाई को यह कीटनाशक दवा आनंद बीज भंडार बायपास रोड अशोकनगर से खरीदी गई थी। जो टरगा सुपर के नाम से ली गई थी। जिसकी 15 लीटर मात्रा क्रय की गई थी। जिसकी दर 1650 रू प्रति लीटर है। दवा खरीदते समय किसान का कहना है कि उसके द्वारा बिल मांगने के बाद भी नही दिया गया। जब मैने खेत मे जाकर दवा का छिडकाव किया तो उसका कोई असर नही हुआ। जब मैने दुकानदार के यहा जाकर इसकी शिकायत की और कहा कि यह दवा नकली है तो दुकानदार कहने लगा हमारी कोई जबाबदारी नही है। मेरी दवा भी वापिस नही कि मुझे बिल भी नही दिया और मुझसे गाली गलौज की।

ज्ञात हो कि अशोकनगर जिले मे हर वर्ष चाहे रबी की फसलो का मामला हो चाहे खरीफ की फसलो का मामला हो। हर सीजन मे करोडो रूपए का व्यापार होता है। इन दुकानो पर किसानो को सामग्री लेने के लिए इंतजार करना पडता है। अगर बिल नही दिया जा रहा तो इस बात की आशंका है कि उनके द्वारा जीएसटी के साथ अन्य टैक्स की चोरी की जा रही है। देखने मे आ रहा है कि एक एक दुकानदार ने कई जगह अपने काउटर बना रखे है।

### करमसी के प्राइमरी स्कूल में छत से पानी टपक रहा सरिया भी निकल आए बाहर, छात्रों के बैठना मुश्किल

**राजपुर।** छत टपक रहा हैं अंदर से सरिया दिखाई दें रहें हैं यह हालत है प्राथमिक विद्यालय करमसी जिसमें कक्षा 1 से 5 तक 47 छात्र छात्राएं जिन्हें पढ़ाने दो शिक्षक हैं। जब दोपहर 11 बजे स्कूल पहुंचे तो एक शिक्षक दारा सिंह थे छात्र-छात्राएं एक भी नहीं मिला। जब गांव वासियों से पूछा कि आप बच्चों को स्कूल क्यों नहीं भेजते। तो उन्होंने बताया स्कूल बिल्डिंग डैमेज है। दो कैमरा एक हाल था एक कमरा की चुनाव से पहले छत का पलस्तर कर अंदर से लीपापोती कर दी तथा एक कमरा आज भी इसी हालत में है। छत से प्लास्टर टपक रहा है सरिया दिखाई दे रहे हैं वर्षा का पानी भी टपकता रहता है। जिसे लेकर शिक्षको का कहना है कि हमने अनेक बार शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया है लेकिन इस ओर कतई ध्यान नहीं दिया हम हमारे बच्चों को ऐसे डैमेज बिल्डिंग में कैसे भेजें।




### उर्वरक नमूना अमानक होने पर किया प्रतिबंधित

**अशोकनगर।** खरीफ वर्ष 2024 में उर्वरक नमूने,उर्वरक निरीक्षक चंदेरी द्वारा लिये जाकर विश्लेषण हेतु प्रयोग शाला भेजे गये है। सहायक रसायन विशेषज्ञ उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला जबलपुर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार कंपनी एवं विक्रेता के उर्वरक नमूना अमानक स्तर के पाये गये है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के.एस.कैन द्वारा विक्रेता फर्म संतोष कुमार मुकेश कुमार जैन ट्रेडर्स चंदेरी का एसएसपी उर्वरक निर्माता कंपनी जूबीलेंट एग्री लिमि.कपासन चित्तौड़गढ़ राजस्थान के लॉट/बैंच नं. पी-404/मार्च 2024 का उर्वरक अमानक पाये जाने पर उर्वरक के लॉट/बैच स्कंध का क्रय, विक्रय भण्डारण परिवहन जिले में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

## खराब सड़क के चलते एंबुलेंस में करानी पड़ी डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

खराब सड़क के चलते एक गर्भवती महिला ने एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया। डिलीवरी होने के बाद जच्चा-बच्चा को एम्बुलेंस के ईएमटी और पायलट ने जिला अस्पताल तक पहुंचाया। रास्ते में डिलीवरी होने का मुख्य कारण खराब सड़क को माना जा रहा है। एम्बुलेंस के ईएमटी संजीव तोमर ने बताया कि सिरसौद के स्वास्थ्य केंद्र से डिलीवरी के लिए धुवरा थाना अमोला की रहने वाली पवन गुर्जर(28) को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। सुबह साढ़े 8 बजे वह प्रसूता को लेकर निकला था। लेकिन साढ़े 9 बजे बांकड़े मंदिर के पहले उसे तेज दर्द होने लगा। इसके चलते एबुलेंस को रोककर डिलीवरी करवानी पड़ी। इसके बाद जच्चा-बच्चा को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। एम्बुलेंस के पायलट प्रतिभान लोधी ने बताया कि शिवपुरी-झांसी लिंक रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। उन गड्ढों में बारिश का पानी भी भर जाता है। इसके चलते किसी भी मरीज को समय पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने में बड़ी मुश्किल होती है। इसी प्रकार अगर आज खराब सड़क नहीं होती तो समय पर प्रसूता जिला अस्पताल पहुंच सकती थी।




### 13 किलोमीटर का जोखिम भरा सफर

शिवपुरी शहर की नानकोल्हु पुलिया से लेकर कोटा-झांसी हाईवे लिंक रोड की दूरी 13 किलोमीटर है। लेकिन 13 किलोमीटर का सफर जोखिम से भरा बना हुआ है। 13 किलोमीटर सफर तय करने में वाहनों को एक से लेकर डेढ़ घंटे तक का समय लग जाता है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढें हो चुके हैं। इसके चलते बाइक सवार से लेकर कई वाहन आए दिन दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। कई साल बीत जाने के बाद भी इस मार्ग को नेशनल पार्क के विवाद के चलते बनाया नहीं गया है। जिसका दंश आम जनता को झेलना पड़ रहा है।

## पुलिस ने छात्र-छात्राओं को डायल 100 की गतिविधियां बताईं

# डायल 100 पर पुलिस को बुलाने का मंत्र बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बाल अपराधो के संबध मे जागरूकता बढाने की दृष्टि से एक पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण योजना डायल 100 से सेमिनार के माध्यम से छात्र छात्राओ को अवगत कराया गया।

एसपी विनीत कुमार जैन ने बताया कि यह योजना 1 नबंबर 2015 को लागू की गई थी। उक्त योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के हर जिलो मे हर थानो मे डायल 100 वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस योजना को लेकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं सेंट थामस स्कूल के छात्र छात्राओ को जागरूक करने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे इंस्पेक्टर रेडियो अखिलेश सिंह चैहान , उप निरीक्षक रेडियो अविनाश रघुवंशी, आरक्षक रेडियो राजू शर्मा की टीम के द्वारा यह जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। सेमिनार में डॉयल 100 सेवा से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन, पुलिस एफआरबी वाहन आने का लाइव डेमो एवं नाबालिक बच्चों के संबंध में होने वाले अपराधों के बारे में शॉर्ट फिल्म को छात्रों के साथ साझा किया गया। जिला अशोकनगर को इस योजनान्तर्गत 10 एफआरबी पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदाय की गई हैं,जो कि अशोकनगर के विभिन्न थानों के अंतर्गत अपने नोडल पॉइंट्स पर खड़ी रहती हैं। कॉलर/पीड़ित व्यक्ति द्वारा आपात स्थिति में 100 नंबर पर कॉल किया जाता हैं तो वह कॉल भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल 100 नियंत्रण कक्ष में लगता हैं। वहां स्थित पुलिस स्टाफ द्वारा कॉलर से जानकारी लेकर उक्त जानकारी संबंधित जिले की कॉलर के निकट स्थित एफआरबी को सर्वर कनेक्टेड कंप्यूटर के माध्यम से डिस्पैच किया जाता हैं। निकट स्थित एफआरबी में 8-8 घंटे की शिफ्ट में कार्यरत पुलिस स्टाफ द्वारा 24'7 घंटे पीड़ति व्यक्ति को ऑन स्पॉट पहुंचकर तत्काल आवश्यक पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी के साथ उपरोक्त सेमिनार के दौरान बच्चों को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से यह दिखाया गया कि किस तरह समाज के कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा नवालिकों को बहला फुसलाकर उनके साथ अवैधानिक कृत्य किया जाता हैं जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो जाता है।

## बमौरा मिडिल स्कूल में बच्चे पढ़ने पहुंचे, 4 शिक्षक अनुपस्थित मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर



स्कूल की प्रभारी अभी तक स्कूल नहीं पहुंची, स्कूल खुले हुए तीन बज गए हैं। यह अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले बामोरा ग्राम पंचायत मिडिल स्कूल के हालात है। इस स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक 175 छात्र हैं जिन्हें पढ़ने शासन ने चार शिक्षको की नियुक्ति है। लेकिन चारो शिक्षक अवकाश पर होना बताए गए।

### पढ़ा रहे थे अतिथि शिक्षक

आखिर एक के वाद एक चारों शिक्षक छुट्टी पर कैसे हो सकतें हैं यह एक सोचने वालीं वात हे क्या शिक्षा विभाग में कोई देख रेख करने वाला नहीं हें सव राम भरोसे चल रहा है। बमौरा मिडिल स्कूल पहुंची तों स्कूल में छात्र छात्राएं बेठे थे। जिन्हें अतिथि शिक्षक अरुण शिवहरे, वलवीर सेन यह दोनों अतिथि शिक्षक पढ़ाते दिखाई दिये। गांव के लोगों से चर्चा हुई तों उन्होंने बताया कि स्कूल में चार टीचर होने के वाद भी एक भी स्कूल पढ़ाने नहीं आता हैं। अतिथियों के भरोसे चल रहा है। अगर बामोरा मिडिल स्कूल में अतिथि शिक्षक न पहुंचते तो स्कूल में ताला डाला हुआ होता क्योंकि स्कूल की प्रभारी आकांक्षा शर्मा जून से अगस्त तक अवकाश पर चल रहीं है। लेकिन आज तक एक दिन भी स्कूल पढ़ाने नहीं पहुंची ऐसा ही स्थिति योगिता दिक्षित, विकास शर्मा ,सीताराम वर्मा शिक्षको की है जो छुट्टी पर चल रहे हैं।